एक सम्पूर्ण दैनिक अख़बार
# अमृत विचार
| बरेली | शुक्रवार, 11 सितंबर 2026,

**PAGE NO. 7: MIDDLE**

## कोलोप्रोक्टोलॉजी कॉन्फ्रेंस 12 से



प्रेसवार्ता में कॉन्फ्रेंस के संबंध में जानकारी देते डाक्टर। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कान्फ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप 12 व 13 सितंबर को होगी। जिसमें 40 देश के नामचीन विशेषज्ञ गुदा व बड़ी आंत से संबंधित रोगों के उपचार की आधुनिक पद्धतियों की जानकारी साझा करेंगे। साथ ही गुदा रोग से संबंधित बीमारियों से पीड़ित 20 मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन करेंगे।

सिविल लाइंस स्थित एक होटल में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप के चेयरमैन एवं जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ.एसके सागर ने बताया कि एसोसिएशन आफ सर्जन आफ इंडिया के बरेली चैप्टर के सहयोग और एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग की ओर से कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप को आयोजन किया जाएगा। डा.अमित सिंह, डा.कौशल कुमार, डा.सुजॉय मुखर्जी, डा.एमएस बुटोला आदि मौजूद रहे।

Bareilly, Friday, 11 September 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10
# दैनिक जागरण inext

**PAGE NO. 4: MIDDLE**

## SRMS में कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस

P IC: DAINIK JAGRAN INEXT

### पाइल्स, फिशर, फिस्टुला और पाइलोनाइडल साइनस का लेजर विधि से ऑपरेशन मे मिलेगा प्रशिक्षण




● कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस की जानकारी देते स्पेशलिस्ट.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (10 Sep):** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 12 और 13 सितंबर को दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप आयोजित होगी. एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया के बरेली चैप्टर के सहयोग से होने वाली कांफ्रेंस में देशभर के करीब 40 विशेषज्ञ सर्जन गुदा एवं बड़ी आंत से संबंधित रोगों के आधुनिक उपचार की जानकारी साझा करेंगे. इस दौरान 20 मरीजों का निशुल्क शल्य चिकित्सा के माध्यम से उपचार भी किया जाएगा.

### पोस्टर प्रेजेंटेशन भी देंगे

कांफ्रेंस के चेयरमैन एवं जनरल, लेप्रोस्कोपिक विभागाध्यक्ष डा. एसके सागर ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर में होने वाली सर्जरी का लाइव प्रसारण कांफ्रेंस हाल में किया जाएगा. इससे चिकित्सकों, डेलीगेट्स और पीजी विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष प्रशिक्षण मिलेगा. डेलीगेट्स और पीजी विद्यार्थी पंजीकरण करा चुके हैं.कांफ्रेंस के सेक्रेटरी डा. अमित सिंह ने कहा कि रुहेलखंड क्षेत्र में पहली बार इस स्तर की कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस हो रही है. इसका उद्देश्य स्थानीय सर्जनों को अत्याधुनिक उपचार तकनीकों से प्रशिक्षित है, ताकि इसका लाभ मरीजों को मिल सके. एसआरएमएस कॉलेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने बताया कि इंडिया टुडे के 2026 सर्वे में एसआरएमएस को देश के सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में 38वां स्थान मिला है.

### 120 लोग नामांकित

कांफ्रेंस में पाइल्स, फिशर, फिस्टुला और पाइलोनाइडल साइनस जैसे रोगों के उपचार में लेजर विधि से ऑपरेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा. साथ ही रोबोटिक सर्जरी के व्यावहारिक उपयोग और आधुनिक तकनीकों पर भी विशेषज्ञ चर्चा करेंगे. इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ कोलोप्रोक्टोलॉजी के विशेषज्ञ भी इसमें भाग लेंगे. डा. सागर ने बताया कि बरेली के वरिष्ठ सर्जन डा. आईएस तोमर को विशिष्ट सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया जाएगा. वरिष्ठ आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सक डा. ललता प्रसाद को भी सम्मानित किया जाएगा. कांफ्रेंस में फैलोशिप के लिए 120 लोगों को नामांकित किया गया है.